VENUS®
Enjoy Innovations

VRL/SEC/EXCHANGE 18.01.2021

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Ltd.**<br>5th Floor, Exchange Plaza<br>Bandra (E),<br>Mumbai- 400 051<br>Script Code: VENUSREM | **BSE Limited**<br>25th Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers Dalal Street<br>Mumbai<br>Script Code: 526953 |

**Sub.:** Announcement under Regulation 30 (LODR)-Newspaper Publication

Dear Sir/ Madam,

Please find enclosed herewith newspaper publication of Notice of Extra Ordinary General Meeting.

Thanking you.

**for VENUS REMEDIES LIMITED**

**Authorised Signatory**

## संक्षेप में

### पीवीआर को तीसरी तिमाही में 49 करोड़ रु. का घाटा

मल्टीप्लेक्स परिचालक पीवीआर ने शुक्रवार को कहा कि कोरोनावायरस महामारी के चलते दिसंबर में खत्म हुई चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसे 49.10 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान हुआ। पीवीआर ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसे 36.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने बताया की समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन आय 45.10 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले साल की समान अवधि के 915.74 करोड़ रुपये के मुकाबले 95.04 फीसदी कम है। पीवीआर ने कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रकोप के चलते देश भर में उसका परिचालन प्रभावित हुआ है। *भाषा*

### एनटीपीसी का संयुक्त उद्यम संयंत्र पूरी तरह चालू

सरकारी बिजली कंपनी एनटीपीसी ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के मेजा में उसका 1,320 मेगावॉट का संयुक्त उद्यम संयंत्र पूरी तरह चालू हो गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इस संयंत्र के 660 मेगावॉट क्षमता वाले इकाई-2 का परीक्षण परिचालन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। मेजा ऊर्जा निगम की 660 मेगावॉट की पहली इकाई का परिचालन अप्रैल 2019 में शुरू हुआ था। मेजा ऊर्जा संयंत्र एनटीपीसी और यूपीआरवीयूएन लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है। *भाषा*

# एचसीएल टेक का मुनाफा बढ़ा

## कंपनी ने 2020 में 10 अरब डॉलर राजस्व का आंकड़ा पार किया

**समरीन अहमद**
बेंगलूरु, 15 जनवरी




- शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 3,982 करोड़ रुपये पर
- कंपनी ने मार्च तिमाही में अन्य 5,000 फ्रेशरों को नियुक्त करने की योजना बनाई है
- कंपनी ने तिमाही में 4 रुपये प्रति शेयर के लाभांश की घोषणा की

डिजिटलीकरण की लहर पर सवार होकर एचसीएल टेक्नोलॉजिज ने दिसंबर तिमाही में शानदार आंकड़े दर्ज किए। कंपनी का शुद्ध लाभ एक साल पहले की समान तिमाही के मुकाबले दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 3,982 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शुद्ध लाभ तिमाही आधार पर 26.7 प्रतिशत बढ़ा। कंपनी के अनुसार कम कर खर्च की वजह से शुद्ध आय भी मजबूत हुई।

नोएडा में मुख्यालय वाली इस कंपनी का समेकित राजस्व सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत बढ़कर 19,302 करोड़ रुपये रहा और तिमाही आधार पर 3.8 प्रतिशत बढ़ा। अक्टूबर-दिसंबर अवधि में आईटी सेवा प्रदाता के लिए एबिटा मार्जिन सालाना आधार पर 265 आधार अंक बढ़कर 22.9 प्रतिशत पर रहा, जो 24 प्रतिशत की वृद्धि है।

कंपनी का राजस्व 2020 में 10 अरब डॉलर के आंकड़े को भी पार कर गया और मुद्रा के आधार पर इसमें 3.6 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई। चौथी तिमाही के लिए कंस्टैंट करंसी के आधार पर राजस्व 2-3 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है, जबकि वित्त वर्ष 2021 के लिए एबिटा अनुमान अब बढ़कर 21-21.5 प्रतिशत के दायरे में आ गया है, जो पूर्व में घोषित 20-21 प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा है।

एचसीएल टेक्नोलॉजिज में मुख्य रणनीति अधिकारी शिव नाडर ने कहा, 'प्रौद्योगिकी क्षेत्र व्यापक डिजिटलीकरण लहर के मध्य में है और कई वैश्विक उद्यम इन अप्रत्याशित समय की चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए डिजिटल बदलाव पर ध्यान दे रहे हैं। महामारी के दौरान प्रौद्योगिकी का दबदबा रहा और चूंकि हम तकनीकी नवाचार के नए चरण की ओर बढ़ रहे हैं, ऐसे में यह जरूरी है कि हम प्रत्येक अन्य की ताकतों से प्रेरणा लें और सकारात्मक बदलाव पैदा करने में इनका इस्तेमाल करें।'

एचसीएल टेक्नोलॉजिज के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्याधिकारी सी विजयकुमार ने कहा, 'हम लगातार मजबूत प्रवाह देख रहे हैं और आगामी तिमाहियों में बुकिंग बढ़ने की उम्मीद है। दिसंबर तिमाही के दौरान हमारे मोड 2 और मोड 3 व्यवसायों ने बड़ा बदलाव दर्ज किया। मोड 2 राजस्व सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ा।'

कंपनी ने तिमाही में 4 रुपये प्रति शेयर का लाभांश भी घोषित किया।

एचसीएल टेक्नोलॉजिज ने कहा है कि दिसंबर तिमाही में एट्रीशन लेवल (यानी कर्मचारियों को अपने साथ जोड़े रखने की दर) 10.1 प्रतिशत के साथ ऐतिहासिक तौर पर नीचे पहुंच गया था। हालांकि आगामी तिमाहियों में इसमें कुछ सुधार आने की संभावना है, क्योंकि महामारी दूर हो रही है और बाजार में इन मेधाओं के लिए मांग सुधर रही है।

तिमाही के दौरान कंपनी ने 6,597 कर्मचारी शामिल किए और कुल संख्या बढ़कर 159,682 पर पहुंच गई। हालांकि महामारी की चुनौतियों की वजह से पहली और दूसरी तिमाही में फ्रेशर नियुक्तियों में कमी आई थी, लेकिन तीसरी तिमाही में इसमें तेजी दर्ज की गई और कंपनी ने 4,022 फ्रेशरों की नियुक्ति की। आईटी सेवा प्रदाता कंपनी ने मार्च तिमाही में अन्य 5,000 फ्रेशरों को नियुक्त करने की योजना बनाई है।

# बार्क ने समाचार चैनलों की रेटिंग पर रोक बढ़ाई

**विवेट सुजन पिंटो**
मुंबई, 15 जनवरी

- समाचार चैनलों के लिए रेटिंग अगले तीन महीने तक स्थगित रहने के आसार

**टेलीविजन** के दर्शकों की संख्या मापने वाली भारतीय प्रसारण दर्शक अनुसंधान परिषद (बार्क) ने समाचार चैनलों की रेटिंग्स पर लगाई गई रोक को बढ़ा दिया है। यह रोक पहली बार अक्टूबर के मध्य में शुरू हुई थी। रेटिंग जारी करने के संबंध में 12 सप्ताह के इस स्थगन का आखिरी दिन शुक्रवार था।

अक्टूबर में सामने आने वाली टेलीविजन रेटिंग अंकों (टीआरपी) की हेरफेर के मद्देनजर बार्क ने इसे स्थगित कर दिया था। मुंबई पुलिस द्वारा की गई जांच में रिपब्लिक टीवी और कुछ अन्य चैनलों के नाम सामने आए थे।

बिजनेस स्टैंडर्ड को इस बात की पुख्ता जानकारी मिली है कि समाचार चैनलों के लिए रेटिंग अगले तीन महीने तक स्थगित रहने के आसार हैं क्योंकि टीआरपी रैकेट की जांच गहरी हो रही है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने इस मामले में बार्क इंडिया के पूर्व कर्मचारियों पार्थो दासगुप्ता और रोमिल रामगढ़िया सहित कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। 8 अक्टूबर को मुंबई पुलिस द्वारा की गई जांच के खुलासे ने बार्क को अपने परिचालन की समीक्षा करने के लिए प्रेरित किया था।

संपर्क करने पर बार्क इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि तकनीकी समिति के पास इसकी समीक्षा की जा रही है। हम उचित समय में अपने हितधारकों को सूचित करेंगे। लेकिन बार्क द्वारा रेटिंग पर लगाया गया यह विराम उसकी माप प्रणाली में बदलाव लाने की शुरुआत के लिए था, क्योंकि विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और प्रसारकों ने आंकड़ों की हेरफेर से निपटने के लिए एक कड़े और मजबूत प्रणाली की मांग की थी। यह संस्था जिस संभावित परिवर्तन पर विचार कर रही थी, उसमें पैनल के घरों की संख्या 44,000 से बढ़ाकर 50,000 करने और आंकड़ों के साथ हेरफेर कम करने के लिए कई बार जांच किया जाना शामिल था।

**Rajasthan Co-operative Dairy Federation Limited**
"SARAS SANKUL" J. L. N. MARG, JAIPUR – 302017
Tel. 2702501-08 : Fax:0141-2702535 : Gram: DAIRYFED :
E-Mail :rcdfho_jp1@sancharnet.in
F.No.: RCDF/F1./Admn/Contract employee/2020/36745 Dated: 15.1.2021
**CORRIGENDUM**
Corrigendum to e-tender vide UBN CDF2021SLOB00948 has been issued & further details are available on our website i.e. http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.sarasmilkfed.rajasthan.gov.in.
Raj. Samwad/C/8900/2020-21 **General Manager (P&A)**
जीवन में भरे रस – हमारा प्यारा

**शेयरों की पुनर्खरीद करेगी गेल:** सरकारी क्षेत्र की कंपनी गेल (इंडिया) ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने 1,046.35 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की पुनर्खरीद करेगी। कंपनी का कहना है कि वह इस समय अपने पास अतिरिक्त पूंजी को शेयर क्रय कार्यक्रम के माध्यम से शेयरधारकों को वापस करना चाहती है। कंपनी में भारत सरकार की 51.76 फीसदी हिस्सेदारी है। *भाषा*

# अमेरिका ने श्याओमी को काली सूची में डाला

**एजेंसियां**
हॉन्ग कॉन्ग, 15 जनवरी

**अमेरिकी** सरकार ने स्मार्टफोन बनाने वाली चीन की प्रमुख कंपनी श्याओमी कॉर्प और वहां की तीसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय तेल कंपनी को चीनी सेना के साथ कथित संबंधों का हवाला देते हुए काली सूची में डाल दिया है। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के कार्यकाल के अंतिम सप्ताह में इसके जरिये चीन पर दबाव बनाया है।

अमेरिका के रक्षा विभाग ने चीन की 9 कंपनियों को सैन्य संबंधों वाली चीनी कंपनियों की सूची में डाल दिया है। इसमें श्याओमी और विमान बनाने वाली सरकारी कंपनी एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन ऑफ चाइना (कोमैक) भी शामिल हैं।

पिछले साल नवंबर में ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश के अनुसार, अमेरिकी निवेशकों को सैन्य संबंधों वाली चीनी कंपनियों में अपने निवेश को इस साल नवंबर तक भुनाना होगा। श्याओमी ने इस मुद्दे पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

गार्टनर के आंकड़ों के अनुसार, श्याओमी ने 2020 की तीसरी तिमाही के दौरान बिक्री के लिहाज से ऐपल इंक को पछाड़कर स्मार्टफोन बनाने वाली दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई। अमेरिका द्वारा हुआवेई को काली सूची में जाने के बाद श्याओमी की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है।

उधर, अमेरिका के वाणिज्य विभाग ने चीन की राष्ट्रीय तेल कंपनी चाइना नैशनल ऑफशोर ऑयल कॉरपोरेशन (सीएनओओसी) को आर्थिक ब्लैकलिस्ट वाली सूची में डाल दिया है। ऐसे में सीएनओओसी को अब किसी कंपनी को निर्यात अथवा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करने के लिए अमेरिकी सरकार से अनुमति लेनी पड़ेगी।

इससे पहले दिसंबर में चीन की करीब 60 कंपनियों की इस सूची में डाल दिया गया था जिसमें ड्रोन बनाने वाली कंपनी डीजेआई और सेमीकंडक्टर बनाने वाली कंपनी एसएमआईसी भी शामिल हैं। सीएनओओसी विवादित दक्षिण चीन सागर के विवादित क्षेत्र में परिचालन करती रही है जहां बीजिंग ने वियतनाम, फिलीपींस, ब्रुनेई, ताइवान और मलेशिया सहित अन्य देशों के क्षेत्रीय दावों को हड़प लिया है।

चीन सरकार की स्वामित्व वाली कंपनी स्काइरीजोन को भी अमेरिका ने काली सूची में डाल दिया है।

उधर, अमेरिका द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से काली सूची में डाले जाने जाने की खबर श्याओमी के लिए अप्रत्याशित थी। चीन की इस कंपनी को ऐपल इंक के प्रतिस्पर्धी के तौर देखा जाता है। श्याओमी ने हुवावेई टेक्नोलॉजिज को पछाड़कर चीनी की शीर्ष स्मार्टफोनि विनिर्माता का तमगा हासिल किया था। कंपनी स्मार्टफोन के अलावा इलेक्ट्रिक स्कूटर, ईयरफोन और स्मार्ट राइस कुकर भी बनाती है।

**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
"खनिज भवन", 10-3-311/ए, मासाब टैंक, हैदराबाद-500 028
ईमेल: nvyadagiri@nmdc.co.in
CIN : L13100TG1958GOI001674

निविदा संदर्भ : एचक्यूएमएम/7004-19/17 टीएन17/लाइमस्टोन/289 दिनांक: 16-01-2021

**खुली निविदा सूचना**

निविदा कागजात में वर्णित विवरण के अनुसार एनएमडीसी लिमिटेड, पैलेट प्लांट, रंजीतपुरा, दोनिमलाई, बेल्लारी जिला, कर्नाटक को 7000 एमटी लाइमस्टोन (चूना पत्थर) की आपूर्ति के लिए ख्यातिप्राप्त निर्माताओं से प्रत्यक्ष रूप से या भारत में उनके अधिकृत एजेंटों से निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

| विवरण | परिमाण (एमटी.) | निविदा कागजात की प्रदर्शनी एवं बिक्री | प्रस्ताव जमा देने की अंतिम तिथि और समय | निविदा शुल्क रु. में |
|---|---|---|---|---|
| **7000 एमटी लाइमस्टोन की आपूर्ति, परिवहन, लदान एवं खाली करना** | 7000 | 16-01-2021 से 15-02-2021 | 15-02-2021 को **दोपहर 2:30 बजे तक** | रु. 5900/- **जीएसटी समेत** |

निविदा के बारे में विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट सेक्शन के अधीन हमारी वेबसाइट **www.nmdc.co.in; www.eprocure.gov.in** एवं एमएसटीसी लि. की वेबसाइट **www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc** से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा सूचना के संबंध में कोई संशोधनी केवल हमारी वेबसाइट **www.nmdc.co.in** एवं **www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc** पर अपलोड की जाएगी और इसका प्रकाशन नहीं किया जाएगा। प्रत्याशित बोलीदाता संशोधनी, यदि कोई है, के बारे में जानने के लिए समय-समय पर उक्त वेबसाइट देखते रहें।

**मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री)**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, 1501, शिवाजी नगर, पुणे - 411005

एएक्स1/सूप्रौ/एचडब्ल्यू-आरएफपी212020/2021

**प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पात्र तथा प्रतिष्ठित निर्माताओं/ बोलीदाताओं से आरएफपी क्र.212020-''बैंक ऑफ महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर कम्प्यूटर हार्डवेअर व पेरीफेरल की आपूर्ति, इंस्टॉलेशन तथा कमीशनिंग'' हेतु मुहरबंद निविदा प्रस्ताव (तकनीकी बोली तथा वाणिज्यिक बोली) आमंत्रित करता है।
विस्तृत जानकारी तथा निविदा दस्तावेज बैंक की वेबसाइट **https://www.bankofmaharashtra.in** पर 'टेंडर सेक्शन' में दिनांक **15/01/2021** से उपलब्ध रहेगी। आरएफपी दस्तावेज इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा आवश्यक निविदा शुल्क का भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। बैंक बिना कोई कारण बताए आरएफपी प्रक्रिया रद्द या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

**उप महाप्रबंधक, सूचना प्रौद्योगिकी**

**अलकेमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड**
(कार्पोरेट ऋणशोध अक्षमता समाधान प्रक्रियाधीन के तहत)
**आम सार्वजनिक घोषणा**

अलकेमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड (एटीआईएल) (कॉर्पोरेट देनदार) के सभी हितधारकों को इसके द्वारा सूचित किया गया है कि अधोहस्ताक्षरी हितधारकों की सुविधा के लिए और अलकेमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड के मामले में दावों को भरने और दाखिल करने से संबंधित उनके प्रश्नों को हल करने के लिए वेबसाइट और हेल्पलाइन नंबर स्थापित किए गए हैं ।

वेबसाइट: https://atil.cirpsolutions.com
हेल्पलाइन नंबर 9818027344, 9818948335, 9818948536, 9818948171, 9818947730
(समय: सुबह **10.00 बजे से अपराह्न 06.00 बजे तक**)

देवेन्द्र सिंह,
समाधान प्रोफेशनल
अलकेमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड के मामले में
रजिस्ट्रेशन नंबर : IBBI/IPA-002/IP-N00001/2016-17/10001
पत्राचार पता: डी-54, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024,
ई-मेल आईडी : cirp.atil@gmail.com

**तिथि : 16-01-2021**
**स्थान : नई दिल्ली**

VENUS
Enjoy Innovations

**असाधारण आम सभा की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि:

1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020 के सर्कुलर के साथ पठित 31 दिसम्बर, 2020 के एमसीए के जनरल सर्कुलर एवं सेबी सर्कुलर संख्या एसईबीआई/एच0/सीएफडी/सीएम01/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 के साथ पठित सेबी (सूचीयन बाध्यताएँ एवं प्रकटन आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ("सेबी सूचीयन विनियम") के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विज्यूअल साधन ("ओवीएएम") सुविधा के माध्यम से कंपनी की असाधारण आम सभा ("ईजीएम") का आयोजन बुधवार, 10 फरवरी, 2021 को सुबह 11.30 बजे किया जाएगा।
2. एमसीए और सेबी सर्कुलर के अनुसार ईजीएम की सूचना केवल ईमेल के जरिए उन सबके पास भेजी जाएगी जिनका ईमेल पता कंपनी के पास या उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डिपॉजिटरी) के पास पंजीकृत है। सदस्यगण केवल ("वीसी") या ("ओवीएएम") के माध्यम से ईजीएम से जुड़ सकते हैं एवं भाग ले सकते हैं। सभा से पहले एवं सभा के दौरान ईजीएम से जुड़ने के निर्देश एवं रिमोट ई-वोटिंग में भाग लेने के तरीके ईजीएम की सूचना में प्रदान किए गए हैं। वीसी/ओवीएएम के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अधीन कोरम की गिनती के लिए की जाएगी। ईजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.venusremedies.com एवं स्टॉक एक्सचेंजों, क्रमशः बीएसई एवं एनएसई की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com पर उपलब्ध होगी।
3. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी के पास अपने ईमेल आईडी को पंजीकृत नहीं किया है, वे सभा के दौरान रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डालने के लिए विस्तृत विवरण कंपनी की वेबसाइट एवं स्टॉक एक्सचेंजों, बीएसई और एनएसई की वेबसाइट, जैसा कि ऊपर उल्लिखित है, पर उपलब्ध ईजीएम सूचना से प्राप्त कर सकते हैं।
4. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य अपनी ईमेल आईडी को पंजीकरण/अद्यतन करा सकते हैं, इसके लिए वे रजिस्ट्रार्स एण्ड शेयर ट्रान्सफर एजेंट, मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. के पास swapann@linkintime.co.in पते पर एवं कंपनी के पास complianceofficer@venusremedies.com पते पर ईमेल भेजें और जो डिमैट रूप में शेयर धारित किए हुए हैं, वे अपनी ईमेल आईडी को संबंधित डिपॉजिटरी के पास पंजीकरण/अद्यतन करा सकते हैं।

उपर्युक्त सूचना शेयरधारकों की सुविधा के लिए एवं एमसीए/सेबी सर्कुलर के अनुपालन में दी जा रही है।

स्थान: पंचकुला
तिथि: 15.01.2021

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते वीनस रेमिडीज़ लिमिटेड
हस्ता. प्रबंध निदेशक

**वीनस रेमिडीज़ लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: एससीओ 857, केबिन नं. 10, दूसरी मंजिल, एनएसी मनीमाजरा, चंडीगढ़ (यू.टी.) 160101, भारत
कॉर्पोरेट कार्यालय: 51-52, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, पंचकुला, हरियाणा-134113, भारत
CIN: L24232CH1989PLC009705, फोन : 0172-2933090, 2933094
ईमेल: complianceofficer@venusremedies.com वेबसाइट: www.venusremedies.com

SBI
**डेटा सेंटर्स और क्लाउड डिपार्टमेंट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**
सर्वे नं. 26, मेन गेट के सामने हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी, गाचीबोवली, हैदराबाद: 500019.

**डीआरसी- गाचीबोवली हैदराबाद में सर्वर हॉल रैक्स के लिए कोल्ड आइस्ल कन्टेनमेंट सिस्टम हेतु प्रोक्योरमेंट इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग के बारे में प्रस्ताव के लिए अनुरोध**

भारतीय स्टेट बैंक डीआरसी हैदराबाद में सभी सर्वर हॉल के लिए कोल्ड आइस्ल कंटेंट की आपूर्ति और स्थापन के लिए प्रतिष्ठित और पात्र कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। आरएफपी दस्तावेज़ को बैंक की वेबसाइट **www.sbi.co.in** से **प्रोक्योरमेंट न्यूज़** के अंतर्गत डाउनलोड किया जा सकता है। प्रस्ताव को उप महाप्रबंधक (डीसी एंड सी) के कार्यालय में उपरोक्त पते पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। **इच्छुक उत्तरदाता 05.02.2021 को अपराह्न 3:00 बजे से पहले अपनी बोली प्रस्तुत कर सकते हैं।**

हस्ता/-
उप महाप्रबंधक
(डेटा सेंटर और क्लाउड)

स्थान: **हैदराबाद**
दिनांक: **16.01.2021**

एअर इंडिया
AIR INDIA
A STAR ALLIANCE MEMBER

**निविदा आंमत्रण सूचना**

विषय: एअर इंडिया लिमिटेड नेवीगेशन डाटा बेस (एनएवीडीबी) एवं नेवीगेशन डाटा चार्टिंग एवं ईएफबी सर्विसेज़ की आपूर्ति के लिए बिड्स आमंत्रित करती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | एनएवी-डीबी/2021/23-7855/1<br>एनएवी-डीबी/2021/23-7855/2 |
| प्री बिड की तिथि तथा समय | 22.01.2021 को 1100 बजे |
| बिड जमा करने की आरंभिक तिथि/समय | 07.01.2021 / 0900 बजे |
| बिड जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 28.01.2021 / 1800 बजे |
| बिड खुलने की तिथि/समय | 29.01.2021 / 1100 बजे |

निविदा दस्तावेज़ों से संबंधित अन्य जानकारी के लिए कृप्या हमारी वेबसाइट **http://www.airindia.in.** देखें।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
चंडीगढ़ संस्करण

**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं-22 व 49 ग्राउंड फ्लोर, फेज़-II, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकुला-134115, हरियाणा से मुद्रित एवं एससीओ 861, एनएसी, मनी माजरा,चंडीगढ़-160101 से प्रकाशित**
**संपादक: कैलाश नौटियाल**

आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57007 पर एसएमएस करें SUB BS

डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मै0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।

कोई हवाई अधिभार नहीं

IRDA licence No. 129 PUBLIC NOTICE
STAR Health Insurance
Personal & Caring
The Health Insurance Specialist
Insurance is the subject matter of solicitation.

**NEW BRANCH OFFICE STARTED AT KAITHAL**

We are happy to inform that our New Branch office has opened at Kaithal location with effect from 1.1.2021 and started functioning from the following address:

**STAR HEALTH AND ALLIED INSURANCE COMPANY LIMITED**
**First Floor, SCO 320, Sector 20, Huda, Kaithal, Haryana - 136027**
**Mail ID - kaithal.bo@starhealth.in**

# डीएचएफएल का ऋण समाधान

**देव चटर्जी**
मुंबई, 15 जनवरी




**दो** साल पहले जनवरी 2019 में खोजी समाचार साइट कोबरापोस्ट ने इस खुलासे से भारतीय वित्तीय जगत को हिलाकर रख दिया था कि डीएचएफएल के प्रवर्तकों वधावन बंधुओं ने कंपनियों से लेकर विभिन्न प्रवर्तक संस्थाओं में 31,000 करोड़ रुपये लगाने का घपला किया है। कई मुखौटा कंपनियों के निर्माण के जरिये इस धन की निकासी की गई थी।

कंपनी की प्रारंभिक प्रतिक्रिया में इससे इनकार किया गया था, लेकिन जैसा कि इसके बाद की जांच से पता चला है वधावन बंधुओं न केवल आवास ऋण उपलब्ध कराने वाली इस कंपनी की नकदी छीन ली, बल्कि यह पूरा काम सालों तक चलता रहा, जबकि विनियामक और उसके ऑडिटर इस घोटाले का पता लगाने में असमर्थ रहे।

दिसंबर 2019 में कंपनी को दिवालिया अदालत में भेजे जाने तक इस पर उत्तर प्रदेश में भविष्य निधि धारकों और सावधि जमा धारकों तथा कई उधारदाताओं का तकरीबन 90,000 करोड़ रुपये का बकाया था। डीएचएफएल में कर्मचारी ट्रस्टों द्वारा लगभग 4,100 करोड़ रुपये की भविष्य निधि (पीएफ) की राशि फंसने के विरोध में उत्तर प्रदेश राज्य के 45,000 बिजली कर्मचारी सड़कों पर उतर आए। तब उत्तर प्रदेश सरकार ने डीएचएफएल और यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा किए गए निवेश के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो की जांच का आदेश दिया था।

डीएचएफएल के इस पतन ने न केवल ऑडिट करने वाली भारतीय कंपनियों की खामियों को उजागर किया, बल्कि इसे ऊंची रेटिंग देने वाली भारतीय रेटिंग कंपनियों की कमियों को भी सामने ला दिया।

ऑडिट करने वाली कंपनी केपीएमजी ने नवंबर 2019 में अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कहा कि डीचएफएल के प्रवर्तकों ने डीएचएफएल से निकालकर अन्य विभिन्न संस्थाओं में 20,000 करोड़ रुपये की राशि लगाई, जबकि राशि के अंतिम उपयोग पर कोई उचित प्रविष्टि भी नहीं थी। भारतीय रिजर्व बैंक के एक आदेश के बाद डीएचएफएल को ऋण समाधान के लिए एनसीएलटी के पास भेज दिया गया था।

मई 2020 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डीएचएफएल के प्रवर्तकों कपिल और धीरज वधावन को येस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर और अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन जांच के संबंध में गिरफ्तार कर लिया। दरअसल वे पहले से ही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद जेल में थे जो धन शोधन मामलों की भी जांच कर रही है।

फरवरी 2020 में ऋणदाताओं द्वारा कंपनियों के लिए बोली मांगी जाने के बाद उन्हें डीएचएफएल के ऋण पोर्टफोलियो के लिए 24 रुचि पत्र प्राप्त हुए थे। बोली लगाने वालों में केकेआर, बेन कैपिटल, आर्किल और ओकट्री भी शामिल थी जिन्होंने बिक्री के सभी तीन पोर्टफोलियो के लिए बोली लगाई थी। कुछ अन्य कंपनियों ने केवल खुदरा पोर्टफोलियो और स्लम पुनर्विकास ऋण पोर्टफोलियो के लिए ही बोली लगाई थी। लेकिन वित्तीय बोली आमंत्रित किए जाने के वक्त तक केवल चार बोलीदाता ही मैदान में रह गए थे। अंतिम बोलीदाता थे पीरामल समूह, अदाणी समूह, अमेरिका स्थित ओकट्री और एससी लोवी।

बोली लगाए जाने के पहले दौर में ओकट्री ने 20,000 करोड़ रुपये (स्थगित भुगतानों में ब्याज सहित 8,000 करोड़ रुपये समेत) में पूरी कंपनी हासिल करने की पेशकश की थी, जबकि पिरामल समूह ने केवल खुदरा बहीखाते के लिए 15,000 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। अदाणी समूह केवल निर्माण संबंधी वित्त और स्लम पुनर्विकास क्षेत्र के बहीखाते के लिए उत्सुक था और उसने लगभग 3,000 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। एससी लोवी का कहना था कि वह केवल निर्माण सबंधी वित्त के बहीखातों को लेना चाहती है।

### अब तक की कहानी

- **जनवरी 2019 :** कोबरापोस्ट ने कहा कि डीएचएफएल के प्रवर्तकों ने गलत तरीके से धन निकासी की
- **नवंबर 2019 :** भारतीय रिजर्व बैंक ने डीएचएफएल के निदेशक मंडल को हटा दिया और आर सुब्रमण्यकुमार को प्रशासक के रूप में नियुक्त कर दिया
- **दिसंबर 2019 :** डीएचएफएल द्वारा बैंक ऋण का भुगतान करने में असफल होने के बाद एनसीएलटी ने इसके खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया का आदेश दिया
- **जनवरी 2020 :** ऋणदाताओं ने डीएचएफएल और/अथवा इसके बहीखातों के लिए रुचि पत्र आमंत्रित किया
- **फरवरी 2020 :** डीएचएफएल के लिए 24 कंपनियों ने रुचि पत्र जमा कराए
- **अक्टूबर 2020 :** ओकट्री ने पूरी कंपनी के लिए सबसे ज्यादा बोली लगाई
- **नवंबर 2020 :** अदाणी ने पूरी कंपनी के लिए सबसे ज्यादा 31,000 करोड़ रुपये की पेशकश की
- **दिसंबर 2020 :** बोली के एक और दौर की हुई मांग, पीरामल की पेशकश रही सबसे अधिक

VENUS

Enjoy Innovation

# NOTICE OF EXTRA ORDINARY GENERAL MEETING

Notice is hereby given that:

1. Notice is hereby given that Extra Ordinary General Meeting("EGM") of the Company will be convened on Wednesday, 10th February, 2021 at 11.30 am through video conferencing ("VC")/ other audio visual means ("OVAM") facility in compliance with the MCA's General Circulars December 31, 2020 read with circulars dated April 8, 2020, April 13, 2020, May 5, 2020 and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations") read with the SEBI Circular numbered SEBI/H0/CFD/ CM01/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020.
2. Notice of the EGM will be sent only by email to all those who email address is registered with the company or with their respective depository participants (Depository), in accordance with the MCA and SEBI circulars. Members can join and participate in EGM through ("VC") or ("OVAM") only. The instructions for joining EGM and manner of participation in remot e-voting before and during the meeting are provided in the notice of EGM. The members participating through VC/OVAM shall be counted for the purpose of reckoning the quorum under section 103 of the Companies Act, 2013.The notice of EGM will be available on company's website i.e. www.venusremedies.com and website of stock exchanges, BSE & NSE on www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively.
3. Members holding shares in physical form who have not registered their email id with company/ Depository can obtain details to cast their vote through remote e-voting or through the e-voting system during the meeting from EGM notice as available on company's website and websites of stock exchanges, BSE & NSE as mentioned above.
4. Members holding shares in physical form can register/ update their email id by sending e-mail to Registrars & Share Transfer Agent, M/s Link Intime India P. Ltd at swapann@linkintime.co.in and to company at complianceofficer@venusremedies.com and who are holding shares in demat form can register/ update their email id with respective depository.

The above information is being given for the benefit of shareholders and in compliance with MCA/SEBI circulars.

By order of Board of Directors
For Venus Remedies Limited
Sd/- Managing Director

Place: Panchkula
Date: 15.01.2021

## VENUS REMEDIES LIMITED

Regd. Office: SCO 857, Cabin No. 10, 2nd Floor, NAC Manimajra, Chandigarh (U.T.) 160101, India
Corporate Office: 51-52, Industrial Area, Phase-1, Panchkula, Haryana - 134113, India
CIN: L24232CH1989PLC009705, Phone : 0172-2933090, 2933094
Email: complianceofficer@venusremedies.com, Website: www.venusremedies.com